# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नाम वापसी के बाद प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर इक्यानबे प्रत्याशी चुनाव मैदान में।
- लोकसभा चुनाव की बढ़ी सरगर्मी के बीच चुनाव प्रचार तेज। आज पीलीभीत में जनसभा को सम्बोधित करेंगे प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी।
- नवसंवत्सर के साथ चैत्र नवरात्र का शुभारम्भ। दुर्गा मंदिरों में उमड़ी भीड़। विंध्याचल धाम में आधी रात से ही लगा श्रद्धालुओं की तांता।
- लोकसभा चुनाव के चलते कर्मचारी चयन आयोग की तीन भर्ती परीक्षाओं की तिथियों में हुआ बदलाव।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के अंतर्गत आठ संसदीय सीटों पर होने वाले चुनाव में कल नाम वापसी की अन्तिम तिथि थी। कुल आठ संसदीय सीटों से तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया है। इसके बाद दूसरे चरण में अब कुल इक्यानबे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दूसरे चरण की आठ लोकसभा सीटों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के लिये नामांकन प्रक्रिया अट्ठाइस मार्च को प्राप्त हुयी थी। नामांकन पत्रों की जांच पांच अप्रैल को की गयी थी। नाम वापसी की अन्तिम तिथि आठ अप्रैल थी। मेरठ लोकसभा क्षेत्र से एक निर्दलीय तथा अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय जन संचार दल के प्रत्याशी समेत दो उम्मीदवारों ने कल अपने नाम वापस ले लिये। गौतमबुद्धनगर में भी किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। इस सीट पर कुल पनद्रह प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें भारतीय जनता पार्टी से डॉक्टर महेश शर्मा, समाजवादी पार्टी–कांग्रेस गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नाग और बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह सोलंकी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिये गये हैं। दूसरे चरण की लोकसभा सीटों के लिये मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दो चरणों में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार की सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज पीलीभीत में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे जबकि मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ आज पीलीभीत के अलावा हापुड़ और रामपुर में जनसभा करेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कल नगीना लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर से पार्टी प्रत्याशी चंदन चौहान के समर्थन में बिजनौर के धामपुर में जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने दुनिया में देश का नाम रोशन किया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने कल बस्ती में सोशल मीडिया सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगला कार्यकाल देश को सौ साल आगे ले जायेगा।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कल लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की अस्सी सीटों पर मजबूती से लड़ रहा है और हम लोग ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतेंगे। उन्होंने बताया कि यूपी में जल्द एक महारैली होने जा रही है। बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कल बरेली में मण्डलीय चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

**********

लोगों को संचारी रोगों से बचाने के लिये प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत अब कल से घर–घर दस्तक अभियान भी शुरू होगा। इस दौरान संचारी रोगों से पीड़ित रोगियों को चिन्हित करने के साथ आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउण्ट, आभा आईडी भी बनायी जायेगी। स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें ई–कवच एप की मदद से यह आईडी मौके पर ही बनायेंगी। आभा आईडी होने से लोगों को अपने पास ओपीडी का पर्चा और जांच रिपोर्ट आदि रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सब कुछ हेल्थ एकाउण्ट पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा।

**********

भारतीय नव संवत्सर के साथ आज से चैत्र नवरात्र का शुभारम्भ हो गया है। नवरात्र के इस अवसर पर प्रदेश भर के दुर्गा मंदिरों में आस्था और उल्लास का माहौल छाया हुआ है। आज सुबह से ही सभी दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुयी है। नवरात्र के पहले दिन आज मां आदिशक्ति के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही है। मिर्जापुर जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में बीती आधी रात से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। यहां चैत्र नवरात्र में विशाल मेले का आयोजन भी होता है। इस सम्बन्ध में प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

*मां विन्ध्यवासिनी की जय–जयकारों के बीच प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे चैत्र  नवरात्र मेला प्रारंभ हो चुका है। कल से ही श्रद्धालुओं के विन्ध्याचल पहुंचने का सिलसिला अभी भी जारी है। भोर मे कलश स्थापना व मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुले समूची विन्ध्य नगरी घंटा घड़ियाल के साथ मां के जय–जयकारों से गूंज उठी। इस समय बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी कर रहें हैं। मेला क्षेत्र को 10 जोन व 21 सेक्टरों मे विभाजित कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मेला की कमान संभाले हुए हैं।  सम्पूर्ण मेला क्षेत्र मे 2 हजार से भी अधिक पुलिस के जवान तैनात हैं। उत्तर–मध्य रेलवे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विन्ध्याचल स्टेशन पर एक दर्जन से भी अधिक ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की है। परिवहन विभाग प्रदेश के विभिन्न जिलों को विन्ध्याचल से जोड़ने के लिये 2 सौ के करीब अतिरिक्त बसें चला रहा है। माँ के गर्भ गृह मे प्रवेश पर पाबंदी के साथ चरण स्पर्श पर रोक लगाया गया है।*

उधर बलरामपुर जिले के देवीपाटन शक्तिपीठ तथा महराजगंज जनपद के लेहड़ा स्थित दुर्गा मंदिर में भी भोर से ही श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी हुयी है।

**********

नवसंवत्सर पर आज अयोध्या में श्रीरामलला का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। आज नवरात्र के पहले दिन से ही प्रभु रामलला सोने और चांदी की कढ़ाई वाले सूती वस्त्र धारण करेंगे। सूती वस्त्रों पर वैष्णव उपासना पद्धति के प्रत्येक चिन्ह का उपयोग किया गया है। उधर, रामनवमी पर रामलला को सूर्य तिलक लगाया जायेगा। इसे लेकर कल पहला अभ्यास भी किया गया। कल दोपहर ठीक बारह बजे सूर्य की किरणों मंदिर की दीवारों से गुजरती हुयी गर्भ गृह पहुंची जो रामलला के ललाट पर पड़ी। रामनवमी पर दिन में दोपहर बारह बजे लगभग चार मिनट तक रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी। रूड़की के विशिष्ट वैज्ञानिकों का दल इसे अन्तिम रूप देने में जुटा है।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रदेशवासियों को नवसंवत्सर और चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि नवसंवत्सर तथा नवरात्र का पावन पर्व श्रद्धा–भक्ति, प्रकृति और शक्ति की आराधना का पर्व है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चैत्र नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना और ध्यान का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

**********

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कर्मचारी चयन आयोग, एसएससी की तीन भर्ती परीक्षाओं की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। एसएससी की सेलेक्शन पोस्ट बारह की भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा छह, सात और आठ मई को होनी थी। अब ये परीक्षा चौबीस, पचीस और छब्बीस जून को होगी। केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल और दिल्ली पुलिस में सब इंसपेक्टर की भर्ती परीक्षा नौ, दस और तेरह मई को होनी थी। अब यह परीक्षा सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस जून को होगी। इसी तरह चार, पांच और छह जून को होने वाली जेई भर्ती की परीक्षा अब पांच, छह और सात जून को होगी।

**********

सम्मिलित राज्य कृषि सेवा के दो सौ अड़सठ पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की वेबसाइट पर कल से शुरू हो जायेगा। अभ्यर्थी दस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सम्मिलित राज्य कृषि सेवा परीक्षा के जरिये कृषि विभाग में अधिकारी, वैज्ञानिक, अधीक्षक, प्रधानाचार्य और विशेषज्ञ के पदों पर चयन होगा।

**********